तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 4 मई 2025



13 गौ माता भारतीय संस्कृति की है आत्मा





14 पीएमश्री स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत






## खबर संक्षेप



### तूफान से उड़े मकानों के शेड, बिजली आपूर्ति ठप

**गोपालपुर**। गांव एवं क्षेत्र में 3 मई की शाम तूफान के साथ वर्षा हुई। तूफान से गोपालपुर के सोनाराम साहू, नारायण प्रसाद साहू और जीवन लाल साहू के मकान का टीन शेड उड़ गया। इससे उनके घरेलू सामान क्षति ग्रस्त हो गए। क्षेत्र में पेड़ एवं बिजली तार टूट गया है, जिसके कारण बिजली सप्लाई बंद हो गई। बिजली ठप होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। वहीं पीड़ित लोगों ने शासन से मुआवजा की मांग की है।

### नीट परीक्षा आज, जिले में 4 केंद्र बनाए

**महासमुंद**। राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के निर्देशानुसार 4 मई 2025 को आयोजित होने वाली एईईटी-2025 परीक्षा के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन तथा परीक्षा के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने और परीक्षा केंद्रों पर निगरानी के लिए जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। जिले के 4 परीक्षा केंद्रों के लिए नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट इस प्रकार है। महासमुंद कृष्ण कुमार तहसीलदार महासमुंद ड्यूटी मजिस्ट्रेट होंगे।

### पेंशनरों की नियमित मासिक बैठक हुई

**महासमुंद**। पेंशनर एसोसिएशन तहसील शाखा महासमुंद की नियमित मासिक बैठक गायत्री मंदिर बेमचा प्रांगण में 1 मई को शाम 4 बजे हुई। कार्यक्रम का शुभांरभ माँ सरस्वती की पूजा-अर्चना भगत राम साहू, राधेश्याम दुबे, रमेश गुप्ता एवं भूषण लाल भोसले ने की। पश्चात पेंशनर एसोसिएशन के सदस्य पीआर बारले की आकस्मिक निधन एवं पहलगाम में आतंकियों के हमले से दिवंगत लोगों को उनकी आत्मा की शांति के लिए 2 मिनट मौन धारण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। पेंशनर ऐसोसिएशन के नए सदस्य प्रहलाद यादव का गुलाल से तिलक लगाकर श्रीफल के साथ चमन लाल साहू तथा वरिष्ठ मुरलीधर द्वारा स्वागत किया गया। कार्यक्रम की अगली कड़ी में बीते 13 अप्रैल 25 को संपन्न हुए चुनाव में निर्वाचित प्रांतीय अध्यक्ष यशवंत देवांगन को आगामी बैठक में महासमुंद आमंत्रित के लिए विचार विमर्श किया गया।

# तीन दिन से लापता मजदूर की मिली सड़ी-गली लाश, खपराडीह माइंस क्षेत्र में दहशत

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुहेला

खपराडीह माइंस के समीप मजदूर क्वार्टर से तीन दिन पूर्व लापता हुए 53 वर्षीय श्रमिक अशरेफ पासवान पिता सुंदर पासवान, निवासी रेहला, पलामो की सड़ी-गली लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई है। जानकारी अनुसार अशरेफ पासवान काम पर जाने के लिए क्वार्टर से निकला था, लेकिन साइट पर नहीं पहुंचा। तीन दिन बाद जब उसकी लाश मिली, तो वह बुरी तरह से डिकम्पोश्ड हो चुकी थी। प्रारंभिक रूप से यह कहना कठिन है कि यह हत्या है या आत्महत्या। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुटी है। इस घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि माइंस क्षेत्र में कंपनियां सुरक्षा को लेकर जो दावे करती हैं, वे केवल कागजों तक सीमित हैं। एक मजदूर की लाश तीन दिन बाद मिलने से यह साफ होता है कि सुरक्षा प्रबंध नाकाफी हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि कंपनी को सुरक्षा के लिए पुख्ता इंतजाम करने चाहिए—जैसे कि सीसीटीवी कैमरे, सुरक्षा गार्ड, नियमित गश्त आदि।ग्रामीणों ने घटना अल्ट्राटेक सीमेंट रावन के खपराडीह और सेमराडीह माइंस के आसपास की बतायी है। उनका कहना है कि यदि कंपनी और प्रशासन ने समय रहते ध्यान दिया होता, तो शायद मजदूर की जान बचाई जा सकती थी। अब गांव में भय और असुरक्षा का माहौल बना हुआ है।

## ग्रामीणों ने जताया आक्रोश और सुरक्षा व्यवस्था की मांग की



### ग्रामीणों की मांग

कंपनी पर सख्त कार्रवाई हो, सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा की जाए, दोषियों को गिरफ्तार किया जाए, मृतक के परिवार को मुआवजा दिया जाए, फिलहाल पुलिस और प्रशासन द्वारा जांच जारी है। अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट रावन के एच आर हेड संजीव मिश्रा से जानकारी लेने फोन लगाया लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया।

### हत्या है या आत्महत्या अभी कह नहीं पाएंगे : थाना प्रभारी

थाना प्रभारी सुहेला अमित पाटले ने फोन से बताया कि एक तारीख से लापता था ढूंढ रहे थे, उसका नाम अशरेफ पासवान 53 वर्ष पिता सुंदर पासवान रेहला पलामो झारखंड का रहने वाला है। लेबर कॉन्ट्रैक्टर का कर्मचारी है। 1 तारीख को मजदूर क्वार्टर से काम करने जाने के लिए निकला था, पर काम करने नहीं गया। जिसके साथ वह रहता था उसे बोला मैं आ रहा हूं, तू चल करके साइड में चला गया था उसकी बॉडी मिली है और 3 दिन पुरानी है, इसलिए डिकम्पोश्ड हो गई है। हत्या है या आत्महत्या अभी कह नहीं पाएंगे। 3 दिन पुरानी बॉडी है। घटना क्षेत्र में कचरा फेंकते हैं, वहीं एरिया है जो अल्ट्राटेक सीमेंट प्लांट रावन के अंतर्गत आता है, बॉडी डिकम्पोश्ड हो गई है अभी जांच चल रही है।

## तिहार : 5 मई से समाधान शिविर के लिए सभी तैयारी पूरी

# सुशासन तिहार में मिले 2.39 लाख आवेदनों में 1.79 लाख का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

प्रदेश व्यापी सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत प्रथम चरण में जिले से अब तक 239006 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इन आवेदनों का गुणवता पूर्ण निराकरण किया जा रहा है। कलेक्टर दीपक सोनी ने शनिवार को संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि सुशासन तिहार के प्रथम चरण में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं सकारात्मक निरकारण किया जा रहा है। अब तक करीब 1 लाख 79 हजार आवेदनों का निराकरण कर लिया गया है। 5 मई से शुरू हो रहे तृतीय चरण अंतर्गत समाधान शिविर आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।


▸▸ शेष पेज 13 पर


### जिले में 77 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे




### प्रत्येक जनपद के 10-10 पंचायतों में लगेगा शिविर

इसी तरह प्रत्येक जनपद पंचायत के 10– 10 पंचायतों में शिविरों का आयोजन होगा। शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे और योजना के तहत सामग्री वितरित की जाएगी।उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल 2 लाख 39 हजार 6 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें मांग आधारित 2 लाख 33 हजार 745 एवं शिकायत से संबंधित 5261 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें मांग के एक लाख 77 हजार 601 आवेदन एवं शिकायत के 1888 आवेदनों का निराकरण किया गया है। उन्होंने बताया कि सर्वाधिक आवेदन प्रधानमंत्री आवास योजना के मांग से संबंधित है, जो करीब 63 हजार है। इसके साथ ही राशन कार्ड, महतारी वंदन एवं राजस्थान विभाग से सम्बधित अधिक आवेदन है।

### तीसरा और अंतिम चरण 5 से 30 मई तक चलेगा

कलेक्टर सोनी ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना है। इसी उद्देश्य को लेकर प्रदेश में सुशासन तिहार का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया और निराकरण की कार्रवाई शुरू की गई। तीसरा और अंतिम चरण 5 से 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 77 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे। नगरीय निकाय अंतर्गत 27 व जनपद पंचायत अंतर्गत 50 शिविर आयोजित होंगे। इनमें नगर पालिका बलौदाबाजार में 4 एवं नगर पालिका भाटापारा में 5 शिविर, नगर पालिका सिमगा, नगर पंचायत पलारी, कसडोल, रोहांसी, लवन और टुण्डडरा में 3–3 समाधान शिविर आयोजित किया जाएगा।

# रेत खदान मैनेजर को दी धमकी, गृहमंत्री का फर्जी पीए गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

गृह मंत्री का पीए बनकर रेत खदान के मैनेजर को धमकी देने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 319 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

प्रार्थी इंद्रजीत मिरी मैनेजर ग्राम दतरेंगी रेत खदान ने गिधपुरी थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि 30 अप्रैल की सुबह 11.38 बजे प्रार्थी के मोबाइल नंबर पर एक आरोपी द्वारा फोन किया गया एवं अपने आप को गृह मंत्री विजय शर्मा का पीए नमन कुमार बताया। आरोपी द्वारा स्वयं को एचएम हाउस रायपुर से बोल रहा हूं, बोलते हुए प्रार्थी को ग्राम दतरेंगी में अवैध रेत खनन करवाते हो, हाईवा से रेत लोड करते हो आदि बातें बोलकर धमकाया गया एवं कार्रवाई करने की बात बोलकर धमकी दी। प्रकरण में थाना गिधपुरी में आरोपी के विरुद्ध धारा 319 बीएनएस का अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया।



प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए तत्काल जांच तस्दीक कर, छानबीन करने निर्देश दिया। उक्त निर्देशों के परिपालन में थाना गिधपुरी पुलिस ने प्रार्थी के मोबाइल पर कॉल किए गए नंबर का पता तलाश करते हुए आरोपी अमन कुमार कोसले को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी अमन कुमार 20 वर्ष निवासी ग्राम नवरंगपुर थाना दाढ़ी जिला बेमेतरा ने स्वयं को गृह मंत्री का पीए होने का प्रतिरूपेण कर साक्षी को धमकी देना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी को 2 अप्रैल गिरफ्तार कर जेल भेजा है। आरोपी के विरुद्ध उक्त अपराध के अतिरिक्त प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत भी कार्रवाई भी की गई है।

# लूट का फरार आरोपी गिरफ्तार, 10 हजार बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा/अर्जुनी

पुलिस ने लूट के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 10 हजार रुपये बरामद किए हैं। यह कार्रवाई 19 फरवरी की लूट की घटना के बाद तकनीकी सूचनाओं और दबिश के आधार पर की गई। भाटापारा ग्रामीण थाना पुलिस ने लूट की घटना को अंजाम देने वाले फरार आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।

पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने आरोपी कमल यदु 21 वर्ष निवासी ग्राम फरहदा को गिरफ्तार किया। 19 फरवरी की रात करीब 2.15 बजे प्रार्थी मन्नू साहू, निवासी ग्राम अर्जुनी, मोटरसाइकिल से ग्राम डिग्गी से लौट रहा था। ग्राम फरहदा के पास दो अज्ञात व्यक्तियों ने उसका रास्ता रोका, फरसानुमा हथियार से डराया, मारपीट की और 70 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। प्रार्थी की शिकायत पर भाटापारा ग्रामीण थाना में धारा 126(2), 311, 3(5)


▸▸ शेष पेज 13 पर




# सुशासन तिहार का तीसरा चरण कल से

**बलौदाबाजार**। शासन तिहार 2025 अंतर्गत तीसरा चरण 5 मई से शुरू हो रहा है, जिसमें जिले के 5 विकासखंडों में प्रत्येक विकासखण्ड में 10 –10 कुल 50 स्थानों पर समाधान शिविर प्रातः 10 से अपरान्ह 5 बजे तक आयोजित होंगे। कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार समाधान शिविर आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारी पूरी कर ली है। समाधान शिविर के पहले दिन 5 मई को विकासखंड बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम पंचायत मरदा में आयोजित होने वाले शिविर में क्लस्टर अंतर्गत ग्राम पंचायत अमलीडीह, चंगोरी, कोयदा, सिंघरी, सीरियाडीह, तिल्दा, बाजारभाठा, सुनसुनीया, लाटा और परसापाली के निवासी शामिल होंगे। इसीतरह विकासखण्ड भाटापारा अंतर्गत ग्राम पंचायत देवरी शिविर में ग्राम पंचायत दतरेंगा, दतरेंगी, देवरी, खोलवा, सेमरियाघाट, सूमा, सूरजपुरा,टेहका और कैथी के ग्रामवासी शामिल होंगे। विकासखंड सिमगा अंतर्गत ग्राम पंचायत केशली शिविर में ग्राम पंचायत भैंसा,


▸▸ शेष पेज 13 पर



## पैरामेडिकल एवं नर्सिंग पाठ्यक्रम में चयन हेतु आवेदन आमंत्रित

### छः महीना / एक वर्षीय / द्विवर्षीय सर्टिफिकेट एवं डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

**कार्यालय संचालक, केंद्र क्रमांक 86549 मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस MIPS रायपुर, (छ.ग.)**

निम्न तालिका अनुसार छ.ग. के विभिन्न जिलों में कक्षा 10 वीं 12वीं के प्राप्तांकों के अनुसार पैरामेडिकल संस्था द्वारा संचालित विभिन्न पैरामेडिकल एवं नर्सिंग सहयोगी पाठ्यक्रम सत्र (2025-26) में प्रवेश, एवं सर्टिफिकेट हेतु आवेदन आमंत्रित है।

**(उपलब्ध एवं प्रस्तावित विभिन्न जिलों के प्रशिक्षण केन्द्रों के नाम, पाठयक्रम एवं कुल सीटे)***

| केंद्रो की सूचि | मेडिकल लैब टेक्नीशियन | ओटी टेक्नीशियन | नर्सिंग अस्टिटेंट/ नर्सिंग सुपरवाइजर | डिप्लोमा इन डायलिसिस | डिप्लोमा इन योगा टेक्नीशियन | ड्रेसर/ वार्ड ब्वाय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| रायपुर | 40 सीट | 20 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| धमतरी | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| बिलासपुर | 40 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट | 30 सीट |
| सरायपाली | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |
| जांजगीर | 30 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 20 सीट | 30 सीट |

आवेदन हेतु 10वीं 12 वीं कक्षा (किसी भी विषय) में न्यूनतम प्रतिशत :- अनु. जनजाति 42%, अनु. जाति हेतु 45%, अन्य पिछड़ा वर्ग 50%, सामान्य वर्ग 55% या अधिक। विकलांग सैनिक / स्व. संग्राम सैनानि वर्ग के उम्मीदवारो हेतु निर्धारित सीटे आरक्षित है।

**नोट** :- **1.** आवेदक, निम्न दिये गए आवेदन पत्र के प्रारूप को कम्प्युटर द्वारा टाइप कराकर अपना पूर्ण विवरण स्पष्ट से भरे । साथ ही 25 रुपये का डाक टिकट लगा हुआ 10x4 का सफेद लिफाफे मे अपना स्वयं का पता स्पष्ट लिख कर स्पीड पोस्ट द्वारा कार्यालय के निम्न पते पर भेजे। (आवेदन पोस्ट द्वारा नियत तिथि एक ही स्वीकार किया जाएगा) **2.** चयनित उम्मीद्वारों को कॉल लेटर द्वारा काउन्सलिंग हेतु सुचित किया जाएगा। **3.** केवल आवेदक ही काउंसिंग हेतु पात्र होंगे। **4.** 10वीं / 12वीं. ओपन परीक्षा दिए हुए विद्यार्थी भी आवेदन कर सकते है। **5.** किसी भी जिले के विद्यार्थी किसी भी जिले के लिए आवेदन कर सकते है।

**आवेदन पत्र डाक द्वारा भेजने की अंतिम तिथि : 30/05/2025 तक**
**आवेदन पत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि : 10/06/2025 तक**

**आवेदन हेतु पात्रता**

प्रति,
**संचालक**
**शाखा प्रबंधक केंद्र क्रमांक 86549**
**मॉडर्न इंस्टिट्यूट ऑफ़ पैरामेडिकल साइंस रायपुर, (छ.ग.)**
**पिनकोड- 492013**

महोदय________________पाठ्यक्रम में चयन हेतु में अपना आवेदन प्रस्तुत कर रहा रहीं हूं।
आवेदक का नाम________________
पिता/पति________________ जन्म तिथि________________
वर्ग अनुज जाति________________अनु जाति________________ अन्य पि. वर्ग________________
सामान्य________________पत्र व्यवहार का पता________________
________________ पिन कोड________________
मो. नं.________________बाट्सअप नं________________
पालक का मो. न________________ कक्षा 12वीं उत्तीर्ण वर्ग________________
में प्राप्त अंक________________ कुल प्रतिशत________________मार्गदर्शन हेतु दूरभाष नं.________________
हस्ताक्षकर________________ पालक का हस्ताक्षर________________

**कार्यालय का पूरा पता। क्षेत्रीय कार्यालय, मॉडर्न इंस्टीट्यूट ऑफ पैरामेडिकल साइंस (MIPS) जलगृह मार्ग, शीतला चौक के पास भाटागांव रायपुर, (छ.ग.)**


## उत्खनन और धार्मिक स्थलों में बाहरी और फेरी वालों की बढ़ी है संख्या

# बाहरी और संदिग्ध लोगों की हो जांच : विहिप व बजरंग दल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

- दोनों दलों के सदस्यों ने कलेक्टर और एसपी से मुलाकात कर जांच की मांग की

जम्मू–कश्मीर के पहलगाम में हाल ही में हुए आतंकी हमले के बाद देशभर में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। इस घटना के बाद केंद्र सरकार द्वारा पाकिस्तानी नागरिकों के वीजा निरस्त कर उन्हें देश से बाहर भेजने जैसे कठोर कदम उठाए जा रहे हैं। साथ ही रोहिंग्या, बांग्लादेशी और पाकिस्तानी शरणार्थियों की उपस्थिति को लेकर देशभर में सुरक्षा संबंधित सवाल उठ रहे हैं। इसी संदर्भ में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को बलौदाबाजार कलेक्टर दीपक सोनी एवं उप पुलिस अधीक्षक अभिषेक सिंह से मुलाकात कर जिले में रह रहे बाहरी एवं संदिग्ध व्यक्तियों की जांच–पड़ताल की मांग की। विहिप जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी ने बताया कि जिले के औद्योगिक क्षेत्रों, उत्खनन क्षेत्रों, धार्मिक स्थलों में अस्थायी रूप से रह रहे लोगों तथा गांव–नगर में फेरी लगाकर सामान बेचने वालों की संख्या बढ़ रही है।



### पुलिस को बगैर सूचना दिए निवास कर रहे बाहरी लोग

उन्होंने आशंका जताई कि इनमें से कई व्यक्ति बिना किसी पुलिस सूचना के निवास कर रहे हैं, जिससे सुरक्षा को खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा, बढ़ते अपराध और लव जिहाद जैसे मामलों को देखते हुए यह आवश्यक हो गया है कि बाहरी लोगों की पहचान और पृष्ठभूमि की जांच की जाए। पूर्व में भी हमारी ओर से प्रशासन को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था, जिस पर कुछ हद तक कार्रवाई हुई थी, लेकिन समस्या अभी भी बनी हुई है। तिवारी ने मकान व दुकान मालिकों को भी जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि बिना पुलिस जांच और सूचना के बाहरी लोगों को आश्रय देना कानूनन गलत है। उन्होंने आम नागरिकों से भी अपील की कि यदि उनके आसपास कोई संदिग्ध गतिविधि दिखे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। ज्ञापन सौंपने वालों में लक्ष्मेन्द्र अग्रवाल, शिवप्रकाश तिवारी, आयुष बरनवाल, दीपेश पंजवानी, वासुदेव ठाकुर सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# गर्मी की छुट्टियों में छात्र बनाएंगे रोटी, थाली और चूहे की तस्वीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

इस बार गर्मी की छुट्टियों में दूसरी कक्षा के छात्र पेड़, पत्ती, फूल, फल, थाली, रोटी और चूहे की तस्वीर बनाएंगे। इसके अलावा वे रंगों के आधार पर बटन, कागज चम्मच, कपड़े और खिलौने जैसी वस्तुएं एकत्र करेंगे। अपनी कक्षा के लड़के और लड़कियों की संख्या पता करना, रिश्तेदारों के नाम लिखना, शरीर के अंगों के नाम और काम, दीपावली त्योहार में बनने वाली पांच मिठाइयों के नाम पता करना सहित असाइनमेंट शामिल है। दरअसल, लोक शिक्षण संचालनलाय द्वारा सभी जिला शिक्षा कार्यालयों को खत लिखा गया है। इसमें उन्हें बताया गया है कि ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्रों को किस तरह के प्रोजेक्ट दिए जा सकते हैं। छात्रों के लिए उनकी कक्षानुसार विविध कार्यों की सूची तैयार की गई है। ये केवल शासकीय विद्यालय के विद्यार्थियों के लिए है। स्कूल यदि चाहें तो दिए गए सुझावों के अलावा अन्य कार्य भी विद्यार्थियों को सौंप सकते हैं। छात्रों को गतिविधियां पूर्ण कर अपने संबंधियों को दिखाने तथा उनकी प्रतिक्रिया लेने भी कहा गया है। बीते वर्ष भी इस तरह का प्रयोग किया गया था। सत्र प्रारंभ होने के बाद छात्रों द्वारा पेश किए गए कई निबंध अत्यंत रोचक थे।

### बनाएंगे मिट्टी के खिलौने

विद्यार्थियों के रचनात्मक कौशल में विकास हो सके इसके लिए उन्हें मिट्टी के खिलौने बनाकर लाने कहा गया है। इसके लिए उन्हें कोई टॉपिक नहीं दिया गया है। विद्यार्थी अपने पसंदानुसार कोई भी खिलौना बना सकते हैं। ग्रीष्मकालीन अवकाश के बाद छात्र कक्षा में इसे प्रदर्शित करेंगे। पौधों की पत्तियों को संग्रहित करके उनके नाम लिखने, खेती के काम आने वाले आभूषणों के चार्ट बनाने जैसे कार्य भी दिए जाएंगे, जिससे विद्यार्थी अपने आसपास की चीजों और पर्यावरण को लेकर जागरूक हो सके।

अलग खबर

### एकत्र करेंगे कागज, चम्मच व बटन



### हायर सेकेंडरी छात्र करेंगे जनगणना

ग्यारहवीं और बारहवीं के छात्रों को अपने गांव की जनगणना करने कहा गया है। गांव में रहने वाले परिवारों की गिनती करने के साथ ही उनका वर्गीकरण भी करना होगा। इसके लिए शासकीय नौकरी करने वाले व्यक्ति, निजी व्यवसाय करने वाले तथा मजदूरी करने वाले परिवार जैसे कई वर्ग तय किए गए हैं। औषधी महत्व की जड़ी-बूटियों की जानकारी एकत्र करने, वैज्ञानिक उपकरण स्थानीय सामग्री से तैयार करने जैसे कार्य भी उन्हें सौंपे गए हैं।

## खबर संक्षेप

### बृजमोहन फिर प्राक्कलन समिति के सदस्य



रायपुर। रायपुर के सांसद बृजमोहन अग्रवाल को एक बार फिर लोकसभा की महत्वपूर्ण प्राक्कलन समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला द्वारा आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए की गई। नई समिति में कई सदस्यों को फिर से सदस्य बनाया गया है। श्री अग्रवाल ने कहा, मैं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला का आभार प्रकट करता हूं कि उन्होंने मुझ पर एक बार फिर विश्वास जताया। यह समिति संसदीय कार्य प्रणाली में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है और मैं पूरी निष्ठा से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करूंगा।

### कैदियों ने काट ली 20 साल की सजा पर रिहाई नहीं

रायपुर। छत्तीसगढ़ की जेलों में 200 से अधिक बंदियों के 14 साल की सूखी सजा के साथ 6 साल की अर्जित माफी पूरी करने के बाद भी रिहाई नहीं हुई है। इस मामले की शिकायत राज्यपाल से करते हुए बंदियों की रिहाई की मांग की गई है। इस संबंध में गुमनाम पत्र समस्त परिजनों की ओर से हरिभूमि के भेजा गया है। इस पत्र की प्रतिलिपि मुख्यमंत्री, गृहमंत्री, बस्तर के सांसद एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष, मानवाधिकार आयोग दिल्ली, रायपुर सहित अन्य लोगों के साथ कुछ मीडिया संस्थान को भी भेजी गई है।

### एनसीईआरटी की बैठक में शामिल हुए मंत्री कश्यप

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की 59वीं जनरल काउंसिल की बैठक में शामिल हुए। केंद्रीय शिक्षा मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में शिक्षा को बेहतर बनाने से संबंधित कई अहम मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्कूल शिक्षा सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी भी उपस्थित थे।

### निगम के नेता प्रतिपक्ष का विवाद सुलझाने कांग्रेस ने कमेटी बनाई

रायपुर । रायपुर नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष को लेकर हो रहे विवाद के निराकरण के लिए प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने एक कमेटी का गठन किया है। इसका अध्यक्ष पूर्व विधायक लेखराम साहू को बनाया गया है। इसी के साथ दो सदस्य प्रेमचंद जायसी और सुनील माहेश्वरी बनाए गए हैं। कमेटी के सदस्य रायपुर शहर जिला अध्यक्ष, पार्षदों के साथ ही स्थानीय नेताओं से चर्चा करेंगे और पूरी रिपोर्ट बनाकर कांग्रेस कमेटी को सौंपेंगे। रायपुर के नगर निगम का नेता प्रतिपक्ष पहले शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने संदीप साहू को बनाया था। इसके बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने कांग्रेस से बगावत कर निर्दलीय चुनाव लड़ने वाले आकाश तिवारी को वापस पार्टी में लेकर उनको नेता प्रतिपक्ष बना दिया। आकाश तिवारी के नाम का पत्र नगर निगम को भेजने के बाद संदीप साहू सहित पांच कांग्रेसी पार्षदों ने इस्तीफा दे दिया है।

## आपसी विवाद पर सिर पर लकड़ी से वार कर हत्या की कोशिश



रायपुर। बदमाशों के खिलाफ सख्ती के बाद भी बदमाश पुलिस को चुनौती देते हुए आपराधिक घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं। डीडीनगर थाना क्षेत्र में एक बदमाश ने आपसी विवाद के कारण एक व्यक्ति के सिर पर लकड़ी के मोटे गत्ते से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हमलवार डीडीनगर थाना क्षेत्र का आदतन बदमाश है। घटना के बाद बदमाश फरार है। बदमाश पेशे से ऑटो चालक बताया जा रहा है। पुलिस को जो जानकारी मिली है, उसके मुताबिक पासपोर्ट कार्यालय के पास समैया राव का मकान है। वह बुधवार को अपने घर के बाहर होटल में नाश्ता कर रहा था। इस दौरान इंद्रप्रस्थ कालोनी निवासी कोई पिंटू नामक बदमाश ने समैया को नाश्ता करते देख ई-रिक्शा रोका और उससे विवाद करते हुए उसके साथ गाली-गलौज करने लगा। समैया ने गाली-गलौज का विरोध किया। इस पर पिंटू ने अपने ई-रिक्शा में रखा लकड़ी का बत्ता बाहर निकाला और समैया के सिर पर जोरदार प्रहार कर दिया। अचानक हुए हमले से समैया के साथ वहां उपस्थित लोग कुछ समझ नहीं पाए। मौके पर उपस्थित लोगों ने समैया के परिजनों को घटना की जानकारी देने के साथ पुलिस को घटना की जानकारी दी। समैया की स्थिति गंभीर बताई जा रही है।

### संविदा वाले एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन 2.5 लाख, नियमित प्राध्यापक को उतना नहीं

# ठगे से रह गए नियमित सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर संविदा वालों को मिलेगा डेढ़ गुना ज्यादा वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अलग कैडर की राह ताक रहे प्रदेश के सुपर स्पेशलिस्ट डाक्टर ठगे से रह गए हैं। गुरुवार को शासन द्वारा संविदा वालों का वेतन उनसे डेढ़ गुना अधिक कर दिया गया है। नये आदेश के बाद संविदा आधार पर आने वाले एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन 2.50 लाख से 2.80 का होगा, जबकि इतना वेतन अभी नियमित प्राध्यापक को भी नहीं दिया जा रहा है।

राज्य में नियमित तौर पर सरकारी अस्पतालों को सेवा देने वाले सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों की संख्या दर्जनभर भी नहीं है, मगर मेडिकल कालेजों में जैसे कार्डियोलॉजी, कैंसर सर्जरी, हार्ट चेस्ट एंड वैस्कुलर सर्जरी, न्यूरो सर्जरी विभाग, पीडियाट्रिक सर्जरी, प्लास्टिक सर्जरी विभाग एवं नेफ्रोलॉजी विभाग स्थापित करने का श्रेय इन्हें ही है। पढ़ाई और दक्षता ज्यादा होने की वजह से इनके द्वारा अलग कैडर और एमडी-एमएस से अलग वेतन देने की मांग काफी समय से की जा रही है। इनकी मांग तो पूरी नहीं हुई, गुरुवार को संविदा सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के वेतन में बढ़ोतरी से ज्यादातर आहत हुए हैं।



### दब जाती है फाइल

सूत्रों के मुताबिक सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों का अलग कैडर बनाकर योग्यता के आधार पर वेतन देने की मांग पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के अलावा कई अधिकारियों से डिमांड की जाती रही है। फाइलें वित विभाग और चिकित्सा शिक्षा संचालनालय के बीच फंसकर रह जाती है। छत्तीसगढ़ डाक्टर फेडरेशन का तर्क है कि विशेष योग्यता वाले डाक्टरों की कमी को दूर करने अलग कैडर बनाने की मांग को सबसे पहले पूरा करना चाहिए।

डाक्टरों का तर्क है कि उनकी नियमित नियुक्ति पीएससी के माध्यम से होती है और प्रमोशन का लाभ मिलने में सालों लग जाता है, जबकि संविदा डाक्टर सीधे विभिन्न पदों पर नियुक्त होते हैं और नियम के अनुसार दो साल में उन्हें पदोन्नत भी कर दिया जाता है। वर्तमान में संविदा सुपर स्पेशलिटी डाक्टरों के वेतन में वृद्धि की गई है, जिससे एसोसिएट प्रोफेसर का वेतन नियमित प्रोफेसर से भी ज्यादा हो गया है। चिकित्सकों का तर्क है कि उनके वेतन में वृद्धि से उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, मगर नियमित सुपरस्पेशलिस्ट डाक्टरों को उनके पद और गरिमा के अनुरूप कैडर और वेतन दिए जाने की आवश्यकता है।

### दो मेडिकल कालेज के लिए कवायद

सूत्रों के अनुसार शासन द्वारा बिलासपुर और जगदलपुर मेडिकल कालेज में सुपरस्पेशलिटी विभाग का संचालन किए जाने की घोषणा की गई है मगर वहां मंशा के अनुरूप पर्याप्त संख्या में चिकित्सक नहीं मिल पा रहे हैं। बिलासपुर मेडिकल कालेज में कार्डियक सहित अन्य विभाग में बिना सुविधा के ओपीडी का संचालन किया जा रहा है वहीं जगदलपुर में इसकी योजना अभी कार्यरूप में नहीं आ पाई है। वर्तमान में आंबेडकर अस्पताल में कुछ और डीके अस्पताल के सारे विभाग सुपर स्पेशलिटी हैं।

### निजी में दस सरकारी में डेढ़ लाख

प्रदेश में काफी संख्या में निजी अस्पताल संचालित है जहां मरीजों को सुपर स्पेशलिटी उपचार की सुविधा दी जाती है। इस स्तर के डाक्टरों का वेतन वहां आठ से दस लाख है वहीं सरकारी में डेढ़ लाख से 1.80 लाख रुपए वेतन है। संविदा आधार पर काम करने वालों को सीधी नियुक्ति तो मिलती है मगर बेहतर विकल्प मिलने पर नौकरी छोड़ने की समस्या सदा बरकरार रहती है। डीके अस्पताल के कई विभाग इस तरह की समस्या से जूझते रहहते है क्योंकि वहां का 90 फीसदी डाक्टर संविदा आधार पर कार्यरत हैं।

## जीएसटी से मिले 4135 करोड़ कर संग्रहण में छत्तीसगढ़ देश के टॉप 15 राज्यों में

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

अप्रैल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने 4135 करोड़ रुपए का जीएसटी संग्रहण कर देश के शीर्ष 15 राज्यों की सूची में अपनी जगह बनाई है। जीएसटी संग्रहण के मामले में छत्तीसगढ़ ने केरल, पंजाब, बिहार और खनिज संसाधनों से भरपूर झारखंड जैसे राज्यों को भी पीछे छोड़ दिया है।

### साय सरकार के फैसलों का असर

राज्य में इस आर्थिक प्रगति को लेकर विशेषज्ञों का मानना है कि यह उपलब्धि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा व्यापार और उद्योग क्षेत्र में किए गए सशक्त सुधारों का प्रतिफल है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में बीते 15 महीनों में राज्य सरकार ने ऐसे कई निर्णय लिए हैं, जिससे राज्य में निवेश और व्यापार को बढ़ावा मिला है ।सरकार द्वारा किए गए प्रमुख सुधारों में उद्योग एवं व्यापार नियमों का सरलीकरण, गैर.जरूरी और बाधक कानूनों की समाप्ति, सभी जरूरी सेवाओं की ऑनलाइन उपलब्धता, पेट्रोल पंप खोलने के लिए लाइसेंस की बाध्यता को समाप्त करना और उद्योगों की स्थापना के लिए प्रक्रिया को सरल बनाना शामिल है।

### समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य : सीएम

इन सभी पहल से राज्य में उद्योग और व्यापारिक गतिविधियों को प्रोत्साहन मिला है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिली है और राजस्व संग्रह में निरंतर वृद्धि हो रही है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाना हमारा लक्ष्य है। राज्य की आर्थिक स्थिति में यह वृद्धि जनता और उद्योग जगत के सहयोग से संभव हुई है। यह प्रदर्शन छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक संकेत है और यह दिखाता है कि राज्य संसाधन आधारित अर्थव्यवस्था से आगे बढ़कर अब एक सशक्त औद्योगिक केंद्र के रूप में उभर रहा है।

## एनआरआई कोटा से मेडिकल एडमिशन अब तक नहीं हुआ नियम में संशोधन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

पात्रों को अप्रवासी भारतीय कोटे से निजी मेडिकल कालेज में प्रवेश देने नियम में संशोधन की प्रक्रिया अब तक शुरू नहीं हुई है। पिछली बार न्यायालय द्वारा आवश्यक संशोधन कर राजपत्र में प्रकाशन के बाद एडमिशन दिए जाने का निर्देश दिया गया था।

सुप्रीम कोर्ट के इस मसले पर जब फैसला दिया गया था, तब राज्य में काउंसिलिंग शुरू हो चुकी थी। न्यायालय के आदेश के बाद भी नियम में संशोधन की प्रक्रिया शुरू नहीं किए जाने पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ ने सवाल खड़ा किया है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में फैसला दिया था कि दूर के रिश्तेदारों के एनआरआई सर्टिफिकेट के आधार पर एडमिशन नहीं देने कहा था। राज्य में इस नियम पर अमल करने की कोशिश की गई, मगर काउंसिलिंग शुरू होने के कारण इसे लागू नहीं किया जा सका था। इस दौरान कोर्ट द्वारा चिकित्सा शिक्षा संचालनालय को निर्देशित किया गया था कि रक्त वंशावली के स्पष्टीकरण के लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग की ओर से संशोधित राजपत्र नोटिफिकेशन जारी करने के बाद इसे लागू कर सकती है। सूत्रों के अनुसार इस पर काम अब तक शुरू नहीं हो पाया है, जिस पर कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ द्वारा सवाल खड़ा किया गया है।

### सीट बेचने का षड्यंत्र

प्रदेश कांग्रेस चिकित्सा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष डॉ. राकेश गुप्ता ने कहा है कि सत्ता के संरक्षण में छत्तीसगढ़ में शिक्षा माफिया सक्रिय है। निजी चिकित्सा महाविद्यालयों में प्रवेश के लिए पात्रता जो उच्च न्यायालय बिलासपुर और सर्वोच्च न्यायालय द्वारा तय किया गया, उसका पालन नहीं किया जा रहा है। अप्रवासी भारतीय कोटे में भर्ती प्रक्रिया के संदर्भ में छत्तीसगढ़ चिकित्सा शिक्षा विभाग के 13 अक्टूबर 2024 के पत्र के द्वारा उक्त संदर्भ में स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं। महाधिवक्ता कार्यालय से भी अभिमत भेजा गया था, लेकिन फर्जीवाड़ा बंद नहीं हुआ, इस वर्ष फिर वही खेल चालू है। सरकार की मंशा पात्र अभ्यर्थियों को लाभ देने के बजाय गलत तरीके से मेडिकल की सीट बेचने की है।

## बैज बोले- 3100 का धान 2000 में बिकेगा, यही है डबल इंजन सरकार की हकीकत

हरिभूमि न्यूज रायपुर



- मुख्यमंत्री या खाद्यमंत्री ने केन्द्र से चावल का कोटा बढ़ाने का अनुरोध ही नहीं किया

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, राज्य सरकार द्वारा समर्थन मूल्य में 3100 रुपए क्विंटल में खरीदा गया धान 2000 रुपए क्विंटल में नीलाम करना पड़ेगा। डबल इंजन की सरकार की हकीकत सामने आ रही है। केंद्र सरकार राज्य का पूरा चावल नहीं खरीद रही है। राज्य सरकार को किसानों से खरीदे धान को खुले बाजार में बेचना पड़ रहा है।

श्री बैज ने कहा, इस वर्ष राज्य सरकार ने 154 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी समर्थन मूल्य पर की है। केंद्र की मोदी सरकार पूरे 154 लाख मीट्रिक टन से बनाए गए चावल को सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है। अब धान का खुले बाजार में 2000 से 2100 रुपए प्रति क्विंटल का रेट आ रहा, जिससे राज्य के खजाने का 6000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान होगा। यह है भाजपा के डबल इंजन की सरकार का नुकसान। श्री बैज ने कहा, भाजपा डबल इंजन की सरकार का दंभ भरती है यदि राज्य सरकार के द्वारा कुल उपार्जित धान के द्वारा बने चावल को केंद्र सरकार सेंट्रल पुल में नहीं खरीद रही है। भाजपा की सरकार होने के बावजूद मुख्यमंत्री और राज्य के मंत्री, भाजपा के सांसद कोई भी छत्तीसगढ़ के चावल के कोटे को बढ़ाने का एक बार भी आग्रह मोदी सरकार से करने का साहस नहीं दिखा पा रहे हैं।

### आयुक्त ने कहा- ज्यादा समस्या वाले वार्ड में ही यह व्यवस्था

## मेयर ने कहा-अंतिम विकल्प होना चाहिए बिजली बंद का

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

राजधानी रायपुर में गर्मी के सीजन में पानी की समस्या से निपटने के लिए निगम प्रशासन ने सुबह और शाम को नल कनेक्शन से पानी की आपूर्ति के दौरान आधे घंटे के लिए बिजली बंद करने का आदेश जारी किया है। इस आदेश के बाद शहर के कई वार्डों में दोनों टाइम बिजली बंद भी की जा रही हैं, ताकि कोई भी निगम के नल कनेक्शन से टुल्लू पंप के माध्यम से पानी खींच नहीं सके। निगम के इस आदेश पर महापौर मनील चौबे, सभापति सूर्यकांत राठौड़ से लेकर कई पार्षदों ने आपत्ति भी जताई है। महापौर का कहना है कि पानी की समस्या का निराकरण करने के लिए भरपूर पानी की व्यवस्था करना, टुल्लू पंप जब्ती बनाना जैसे कई विकल्प हैं। इन विकल्पों का उपयोग ही नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि बिजली बंद अंतिम विकल्प होना चाहिए। इधर निगम कमिश्नर विश्वदीप ने कहा कि बिजली बंद का आदेश पूरे शहर के लिए नहीं है, बल्कि उन वार्डों के लिए है जहां पानी की समस्या ज्यादा गंभीर है। उनका कहना है कि अगर आधे घंटे की बिजली बंद होने से वार्ड के सभी घरों को पर्याप्त पानी मिलता है, तो यह अच्छी बात है। जल जीवन मिशन, अमृत मिशन जैसी योजनाओं के तहत जहां घर-घर में 24 घंटे पानी पहुंचाने की दिशा में भारत सरकार कार्य कर रही है, वहीं दूसरी ओर गर्मी के दिनों में ही शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या गंभीर बनी हुई है।



### कांग्रेस शासन काल में जो काम हुए उसे दोहराया जा रहा

महापौर मनील चौबे ने कहा कि गर्मी के दिनों में हर साल शहर के कई वार्डों में पानी की समस्या होती है। कई वार्ड ऐसे भी हैं, जहां यह समस्या गंभीर रहती है। पिछले पांच साल में कांग्रेस शासन काल में भी निगम प्रशासन ने गर्मी के दिनों में पानी की समस्या दूर करने के लिए बिजली बंद करने की व्यवस्था की थी। यह व्यवस्था अंतिम विकल्प होना चाहिए। सबसे पहली व्यवस्था तो समस्त वार्डों में पानी की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति करने की होनी चाहिए। इस दिशा में ही निगम प्रशासन को कदम उठाना चाहिए, लेकिन हम कांग्रेस शासन में की गई गलती को फिर दोहरा रहे हैं जो गलत है।

### स्मार्ट सिटी के प्रोजेक्ट पर भ्रष्टाचार के कारण बनी हुई पानी की समस्या

सभापति सूर्यकांत राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस शासन काल में नगर निगम में भारी भ्रष्टाचार हुआ है। स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट, अमृत मिशन योजना के तहत जो कार्य होने थे, अब तक पूर्ण नहीं हो पाए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली बंद करने की व्यवस्था की जरूरत ही नहीं पड़नी चाहिए। पर्याप्त फंड आने के बाद भी प्रोजेक्ट अधूरे पड़े हुए हैं, जिसके कारण पानी की समस्या अभी भी शहर में बनी हुई है।

### सीजीपीएससी के आरोपी के जमानत आवेदन पर आज सुनवाई

## डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने अगले सप्ताह सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

दो हजार करोड़ रुपए से ज्यादा के शराब घोटाला में आरोपी बनाए गए अनवर ढेबर, पूर्व आईएएस अनिल टूटेजा सहित अन्य ने ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट में डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाने आवेदन लगाया है, जिस पर नौ मई को सुनवाई होगी। एक अन्य मामले में सीजीपीएससी घोटाला मामले में जेल में बंद नितेश सोनवानी के जमानत आवेदन पर शनिवार को सीबीआई की विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी।

शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर तथा अन्य ने वेलकम डिस्टलरी, भाटिया वाइन मर्चेंट, छत्तीसगढ़ डिस्टलरी, मैसर्स नेक्स्ट जेनरेशन, दिशिता वेंचर्स, ओम साईं ब्रेवरेज, सिद्धार्थ सिंघानिया और मैसर्स टाप सिक्योरिटी डिस्टलरी संचालकों को आरोपी बनाए जाने आवेदन लगाया है। ईओडब्लू की स्पेशल कोर्ट के जज के अवकाश पर होने की वजह से सुनवाई की तिथि आगे बढ़ाई गई है।



### सफलता को आधार बनाकर आवेदन

सीजीपीएसपी परीक्षा घोटाले के आरोप में जेल में बंद नितेश सोनवानी ने कोर्ट में अपने वकील के माध्यम से जमानत आवेदन लगाया है। जमानत आवेदन लगाते हुए नितेश ने तर्क देते हुए बताया है कि वह कई बार पीएससी परीक्षा में शामिल हो चुका है और इसमें उसे सफलता मिली है। सीजीपीएससी परीक्षा घोटाला मामले में अपनी किसी भी प्रकार की संलिप्तता होने की बात से इनकार करते हुए उसे झूठे प्रकरण में फंसाए जाने का आरोप लगाया है। नितेश सीजीपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष टामनसिंह सोनवानी का भतीजा है।

### घटना संतोषी नगर की, घटना के बाद सभी आरोपी फरार

## घर के सामने शराब पीने से रोका तो बदमाशों ने किया चाकू से हमला, लाठी से की पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

टिकरापारा थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग मामलों में घर तथा दुकान के सामने शराब पीने से मना करने पर बदमाशों द्वारा मारपीट, चाकूबाजी तथा घर को जलाने की कोशिश करने की घटना हुई है। पुलिस दोनों मामलों में अपराध दर्ज कर बदमाशों की पतासाजी करने की बात कह रही है। संतोषी नगर में चिकन सेंटर संचालित करने वाले इश्तियाक खान ने मुनाफ मेमन उर्फ टाइगर, अमान अख्तर, रिहान, तालिब, फैजल तथा अन्य के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। मुनाफ तथा उसके साथियों के खिलाफ इश्तियाक ने अपने घर के सामने शराब पीने से मना करने पर चाकू से हमला कर लाठी से मारपीट करने की पुलिस में शिकायत की है। इश्तियाक के अनुसार घर के सामने शराब पीने से मना करने पर बदमाश नाराज हो गए और चिकन सेंटर से लौटने के दौरान मुनाफ तथा उसके साथियों ने इश्तियाक को रास्ते में रोककर उस पर चाकू से हमला कर उसकी लाठी से पिटाई की। घटना चार से पांच दिन पुरानी है।



### एक अन्य मामले में बाप-बेटे की पिटाई

टिकरापारा में किराना दुकान संचालित करने वाले एक कारोबारी ने दो भाइयों के खिलाफ दुकान के सामने शराब पीने से मना करने पर मारपीट करने तथा घर के दरवाजे में पेट्रोल डालकर घर को जलाने की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। शंकर धीवर ने दीपक नामदेव तथा उसके भाई दुर्गेश के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। शंकर ने पुलिस को बताया कि वह सोमवार को अपनी दुकान में बैठा था। इस दौरान दीपक दुकान के पास बैठकर शराब पी रहा था। मना करने पर दीपक ने शंकर के साथ गाली-गलौज की। दुकान बंद कर जाने के बाद दीपक अपने भाई को बुलाकर शंकर तथा उसके बेटे के साथ मारपीट करते हुए घर के दरवाजे पर पेट्रोल डालकर जलाने की कोशिश की।

## खबर संक्षेप

### प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्य 15 दिन और बढ़ा

**मगरलोड।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना के तहत प्रत्येक परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराना है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जनहित में की गई मांग पर केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास सर्वे कार्य 15 मई तक और बढ़ा दिया है। पहले प्रधानमंत्री आवास सर्वे की अंतिम तिथि 30 अप्रैल थी। सर्वे कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा था। फिर भी कुछ तकनीकी समस्या होने के कारण कुछ हितग्राहियों का पूर्ण वर्णन ऑनलाइन अपलोड नहीं हो पा रहा था। प्रधानमंत्री आवास शाखा जनपद पंचायत मगरलोड से प्राप्त जानकारी के अनुसार 66 ग्राम पंचायत अंतर्गत 15000 से अधिक प्रधानमंत्री आवास सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। 15 मई तक समय बढ़ने से लगभग 1000 और हितग्राही लाभान्वित हो सकते हैं। शासन की मंशा है कि अधिक से अधिक हितग्राहियों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ मिल सके।

### सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण 12 से

**सिर्री।** ग्राम मौरीकला में 12 मई से सेना भर्ती का निःशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। भूतपूर्व सैनिक उत्तम प्रकाश साहू, कृष्णा निषाद शारीरिक शिक्षक, दुलेन्द्र साहू, राजकुमार विश्वकर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू, सरपंच वीणा साहू, पूर्व सरपंच खुशबू यादव ने आसपास के युवाओं से निःशुल्क प्रशिक्षण का लाभ उठाने की अपील की है।

### साहू सदन नगरी में समर क्लास 5 से

**नगरी।** साहू सदन नगरी में अधिकारी-कर्मचारी प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी के तत्वावधान में समर क्लास का शुभारंभ 5 मई से किया जा रहा है। इसमें कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। विषय विशेषज्ञ बच्चों को मार्गदर्शन देंगे। क्लास प्रातः 8 से 10 बजे तक लगेगी।

### प्रेमी जोड़े के शव की हुई शिनाख्ति

**नगरी।** नगरी विकासखंड के टांगापानी के जंगल में प्रेमी जोड़े का शव फंदे पर लटका मिला था। युवक की शिनाख्ति भेजरीरावन (सेमरा) निवासी परमेश्वर नेताम, वहीं युवती की पहचान लीलांच निवासी राजेश्वरी ओटी के रूप में की गई है। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतारकर नगरी में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। इस मामले में सिहावा थाना प्रभारी लेखराम ठाकुर ने बताया कि शव चार से पांच दिन पुराना है। आगे की कार्रवाई जारी है। खुदकुशी जैसे आत्मघाती कदम क्यों उठाया। इस बारे में अभी कोई ठोस जानकारी नहीं मिल पाई है।

### ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों को मुआवजा देने की मांग

**धमतरी।** किसान नेता घनाराम साहू ने कहा कि धमतरी जिले के अधिकांश क्षेत्र में लगातार बारिश, आंधी तूफान एवं ओलावृष्टि होने के कारण किसानों की फसल काफी नुकसान हो चुकी है। धान पककर तैयार हो चुका है लेकिन लगातार बारिश ओलावृष्टि के कारण बालियां झड़ गई हैं। किसान काफी लागत लगा चुके हैं और अब जब काटने लायक की स्थिति में है तो प्राकृतिक विनाश जारी है। किसानों ने भिंडी, बरबटी, लौकी, कुम्हड़ा, भटा, टमाटर की फसल लगाई है। इस आफत बारिश के कारण फसलों को भी काफी नुकसान पहुंचा है। छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने विष्णुदेव साय सरकार से सर्वे कराकर किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग की है।

### मोहगांव पटवारी निलंबित

**महासमुंद।** सोशल मिडिया में वायरल वीडियो में राजस्व संबंधी कार्यों के संबंध में विजय प्रभाकर पटवारी हल्का नंबर 50 ग्राम मोहगांव को अनुविभागीय अधिकारी ओंकारेश्वर सिंह ने कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए 24 घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए थे। लेकिन, 24 घंटे के पश्चात भी पटवारी प्रभाकर द्वारा स्पष्टीकरण नहीं दिया गया, फलस्वरुप आज उन्हें निलंबित कर दिया गया है।

# भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठ है रास लीला: राधिका पाण्डेय

## कनकी में देवी राधिका की श्रीमद भागवत कथा जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

पावन धरा धाम ग्राम कनकी खरोरा में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के छठम दिवस माता रूकमणि मंगल विवाह का वर्णन करते हुए कथा व्यास देवी राधिका पाण्डेय ग्राम अमेरा ने भगवान की अनेक लीलाओं में श्रेष्ठतम लीला रास लीला का वर्णन करते हुए बताया कि रास तो जीव का शिव के मिलन की कथा है। यह काम को बढ़ाने की नहीं काम पर विजय प्राप्त करने की कथा है। इस कथा में कामदेव ने भगवान पर खुले मैदान में अपने पूर्व सामर्थ्य के साथ आक्रमण किया है, लेकिन वह भगवान को पराजित नहीं कर पाया, उसे ही परास्त होना पड़ा है। राधिका ने कहा कि कंस के चुनौती देने पर भगवान कृष्ण ने चाणूर और वलराम ने मुस्टिका से मल्ल युद्ध किया। इस दौरान श्रीकृष्ण ने चाणूर का वध कर दिया और वलराम ने मुस्टिका का। इसे देखकर कंस भौखला गया और श्रीकृष्ण पर वार करने के लिए तलवार उठाई, लेकिन श्रीहरि के अवतार ने कंस को उठाकर धरती पर पटक दिया, जिससे उसके प्राण पखेरू उड़ गये। कंस का वध होते ही समारोह में मौजूद लोगों ने श्रीकृष्ण की जय जयकार की। रास लीला में जीव का शंका करना या काम को देखना ही पाप है। गोपी गीत पर बोलते हुए कथावाचक ने कहा जब तब जीव में अभिमान आता है, भगवान उनसे दूर हो जाता है, लेकिन जब कोई भगवान को न पाकर विरह में होता है तो श्रीकृष्ण उस पर अनुग्रह करते हैं उसे दर्शन देते हैं। भगवान श्रीकृष्ण के विवाह प्रसंग को सुनाते हुए बताया कि भगवान श्रीकृष्ण का प्रथम विवाह विदर्भ देश के राजा की पुत्री रुक्मणि के साथ संपन्न हुआ, लेकिन रुक्मणि को श्रीकृष्ण द्वारा हरण कर विवाह किया गया। इस कथा में समझाया गया कि रुक्मणि स्वयं साक्षात लक्ष्मी है और वह नारायण से दूर रह ही नहीं सकती यदि जीव अपने धन अर्थात लक्ष्मी को भगवान के काम में लगाए तो ठीक नही तो फिर वह धन चोरी द्वारा, बीमारी द्वारा या अन्य मार्ग से हरण हो ही जाता है। धन को परमार्थ में लगाना चाहिए।



### पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं

भागवत कथा के छठवें दिन कथावाचक ने भगवान श्रीकृष्ण की रासलीला का भावपूर्ण वर्णन किया। उन्होंने कहा कि रासलीला केवल नृत्य या गीत का प्रसंग नहीं है, बल्कि यह आत्मा और परमात्मा के मिलन की कथा है। उन्होंने समझाया कि रास शरीर का नहीं, आत्मा का विषय है। जब कोई भक्त प्रभु को अपना सर्वस्व समर्पित कर देता है, तभी महारास घटित होता है। रास पंच अध्याय का वर्णन करते हुए कहा कि महारास में पांच अध्याय हैं। उनमें गाए जाने वाले पंच गीत भागवत के पंच प्राण हैं, जो भी ठाकुरजी के इन पांच गीतों को भाव से गाता है, वह भव पार हो जाता है। उन्हें वृंदावन की भक्ति सहज प्राप्त हो जाती है। दिलेश्वर मढरिया ने कहा कि जीव परमात्मा का अंश है। इसलिए जीव के अंदर अपार शक्ति रहती है। यदि कोई कमी रहती है, तो वह मात्र संकल्प की होती है। संकल्प एवं कपट रहित होने से प्रभु उसे निश्चित रूप से पूरा करेंगे। श्रोता रुखमणी विवाह में थिरके और आनंद के पल में डूब गए और झूम झूम कर नाचते रहे।

## आयोजन : कोटना एवं सकोरा वितरण व सम्मान समारोह संपन्न

# गौ माता भारतीय संस्कृति की है आत्मा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार



भारत माता सेवा ट्रस्ट के तत्वावधान में दक्षिण परगनिहा जन्मोत्सव पर गौ रक्षा एवं पशु–पक्षी संरक्षण जागरूकता हेतु कोटना एवं सकोरा वितरण एवं सम्मान समारोह का आयोजन दशहरा मैदान, बलौदाबाजार में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक जैन, अध्यक्ष नगर पालिका थे। अध्यक्षता भारत माता सेवा ट्रस्ट के अध्यक्ष टेसूलाल धुरंधर ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रकाशानंद महाराज संचालक, ज्योतिर्गम आश्रम, वंदना तिवारी राज्य मुख्यालय गाइड तथा डॉ. सनम जांगड़े एवं पुखराज यादव अध्यक्ष, छ.ग. ठेठवार यादव महासभा, भाटापारा उपस्थित थे। इस अवसर पर गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विश्वेश्वर सिंह पटेल विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा गोधाम की स्थापना गौ माता की सुरक्षा हेतु एक सकारात्मक कदम है। हमें भी व्यक्तिगत रूप से इस दिशा में प्रयास करना चाहिए। मुख्य अतिथि अशोक जैन ने कहा कि अहिंसा परमो धर्मः की भावना से प्रेरित होकर भारत माता सेवा ट्रस्ट द्वारा किया जा रहा यह कार्य अत्यंत सराहनीय है। पशु–पक्षियों के जल की व्यवस्था हेतु सकोरा वितरण एक महत्वपूर्ण जागरूकता अभियान है। अध्यक्षता कर रहे टेसूलाल धुरंधर ने कहा कि भारत माता सेवा ट्रस्ट पशु–पक्षी संरक्षण, गौसेवा एवं सामाजिक रचनात्मक कार्योंर् के लिए प्रतिबद्ध है। ट्रस्ट 48 उद्देश्यों को लेकर सतत कार्यरत है। विशिष्ट अतिथि वंदना तिवारी ने कोटना वितरण को एक सराहनीय पहल बताया। डॉ. प्रकाशानंद महाराज ने लोगों से पशु–पक्षी संरक्षण के लिए जागरूक होने एवं नेक सामाजिक कार्यों में सहभागी बनने का आह्वान किया। पुखराज यादव ने भारत माता सेवा ट्रस्ट के कार्यों की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणास्पद बताया। इस अवसर पर दक्षिण परगनिहा जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में पौधों का वितरण भी किया गया। साथ ही पंजीकृत संस्थाओं एवं गौशाला संचालकों को कोटना एवं सकोरा वितरित किए गए।

कार्यक्रम में पर्यावरण एवं पशु–पक्षी संरक्षण में सहयोग देने वाले प्रमुख समाजसेवियों कृष्ण अवस्थी, लक्ष्मी सोनी, मनीष बरनवाल, जागेश्वर पटेल एवं नीलम सोनी का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम का संचालन विनय गुप्ता और राधेश्याम पटेल ने किया। समारोह में रामाधार पटेल, धीरज बाजपेयी, रुद्र चंद्रवंशी, राजकुमार बंजारे, नीरज परगनिया संयोजक सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

अंत में विश्वेश्वर पटेल ने कहा कि गौ माता में 33 कोटि देवी–देवताओं का वास है। गौमूत्र, गोबर, दूध, दही एवं घी अनेक रोगों से मुक्ति दिलाने में सक्षम हैं। उन्होंने बताया कि गोबर से बनी चिप मोबाइल रेडिएशन को कम करने में उपयोगी है। उन्होंने सभी से आह्वान किया कि गोवंश के संरक्षण हेतु एकजुट होकर कार्य करें।

## श्रमिक दिवस पर कांग्रेस ने किया श्रमवीरों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस असंगठित क्षेत्र एवं समस्या निवारण प्रकोष्ठ के द्वारा श्रमिक दिवस पर शहीद स्मारक भवन में श्रमिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने श्रमिकों का श्रीफल, शॉल व टिफिन बॉक्स भेंट कर सम्मान किया।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री मोहम्मद अकबर, पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा, श्रम कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष शफी अहमद, पूर्व अध्यक्ष जिला सहकारी बैंक पंकज शर्मा ने सभा को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश महामंत्री एवं छाया विधायक रायपुर दक्षिण कन्हैया अग्रवाल ने किया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, श्रमिक साथी देश के विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। कांग्रेस पार्टी श्रमिकों का कल्याण व सम्मान करती है। गरीब व श्रमिकों के हित में मनरेगा, शिक्षा व भोजन का अधिकार पूर्व की कांग्रेस सरकार ने प्रदान किया था।

कांग्रेस सरकार ने श्रमिकों के कल्याण हेतु अनेक योजनाएं संचालित की थी। कांग्रेस ने श्रमिक दिवस को बोरे बासी दिवस के रूप में मनाया है। केंद्र व राज्य की भाजपा सरकार श्रमिक विरोधी है।

# हरीनभट्ठा और बैकोनी पंचायत में मना सुशासन तिहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



विकासखंड सिमगा के ग्राम पंचायत हरीनभट्ठा एवं बैकोनी में सुशासन तिहार का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश टोंडे मुख्य रूप से उपस्थित हुए। जनपद सदस्य टोंडे ने ग्रामीणों को राज्य सरकार द्वारा आयोजित इस सुशासन तिहार के बारे में जानकारी देते हुए इसकी प्रशंसा की। साथ ही दोनों ग्राम पंचायतों में सुशासन तिहार का सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया। उक्त मौके पर ग्राम पंचायत बैकोनी सरपंच महेश मिरी, उपसरपंच गेंदु कोशले, तथा ग्राम पंचायत हरीनभट्ठा में सरपंच जानकी रंजीत सोनवानी, उपसरपंच टीका राम, सचिव रामाधार साहू, धनीराम महिलाँग, शेखर सोनवानी, कपूर नवरंगे, गिरजालाल टोंडे, जसवंत भारती, जिनेद्र भारती, महेश चतुर्वेदी, देवदास नवरंगे, दाऊ जगदीश सोनवानी, बिसम्भर डहरिया, अरुण दिवाकर, विजय चतुर्वेदी, सहित हरिनभट्ठा स्कूल के शिक्षकगण एवं सहित ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# जिले में गौ ग्राम जनजागरण यात्रा शुरू

हरिभूमि ▶▶| बलौदाबाजार



छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष विशेषर पटेल के निर्देशानुसार प्रदेश में 20 अप्रैल से 20 मई तक गौ ग्राम जन जागरण यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य गांव–गांव में गौमाता के संरक्षण, संवर्धन तथा गौ–उत्पादों के प्रति जन जागरूकता लाना है। बलौदाबाजार–भाटापारा जिले में यह यात्रा 2 मई से 6 मई तक विभिन्न गांवों में आयोजित की जाएगी। इस क्रम में ग्राम केशडबरी स्थित मां शाकंभरी गौधाम के संचालक जागेश्वर पटेल के नेतृत्व में यात्रा प्रारंभ हुई। इसमें ग्राम पौंसरी की खुशी गौधाम के संचालक संतोष वर्मा सहित जिले की अन्य गौशालाओं का सहयोग प्राप्त हो रहा है। ग्राम लटुआ के रामगुड़ी चौक से यात्रा का शुभारंभ एक विशेष कार्यक्रम के साथ किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महामंडलेश्वर साध्वी प्रज्ञा भारती, विशिष्ट अतिथि विशेषर पटेल अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता रेणुका गजेंद्र नायक ने की। साथ ही अशोक जैन अध्यक्ष, नगरपालिका बलौदाबाजार, अभिषेक तिवारी जिला अध्यक्ष, विश्व हिंदू परिषद एवं योगेश अग्रवाल भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जिलेभर से आए गौधाम संचालक, गौसेवक, गौपालक और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने अपने प्रेरणादायक संबोधनों में गौमाता की महिमा, गौ–उत्पादों की उपयोगिता तथा उनके शारीरिक, मानसिक एवं आर्थिक लाभों पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। यह यात्रा विभिन्न ग्रामों में जन सहभागिता एवं जागरूकता के साथ आगे बढ़ रही है, जिससे निश्चित ही प्रदेश में गौसेवा की भावना को नई ऊर्जा मिलेगी।

# शहर में नाला निर्माण का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शहर के लाल बहादुर शास्त्री वार्ड में नाला निर्माण कार्य का भूमिपूजन आयोजित किया गया। यह कार्य क्षेत्रवासियों की लंबे समय से लंबित जल निकासी समस्या के समाधान हेतु प्रारंभ किया गया है, जो जनहित में एक महत्वपूर्ण विकासात्मक कदम है। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा, सभापति सतीश तलरेजा, गोविंद पटेल, मनीष मिश्रा, देवेंद्र साहू, कुंजराम कोशले, पार्षद लक्ष्मीकांत टंडन, चंद्रकांत ध्रुव उर्फ मोंटू, नंदू वैष्णव, कीर्तन जायसवाल, सतीश साहू, वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता बंसी, रवि पांडेय, अशोक साहू, चंद्रकला साय, शिव साहू, रूपसिंह कोशले, मुकेश चतुर्वेदी, राय, रोशन बंजारे, अमित, कुलेश्वर, लल्ला, पुरुषोत्तम महिलांगे, नीरा साहू, आयशा खान, मीना सोनी, तनुजा घृतलहरे, महिला मोर्चा की सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में वार्डवासी उपस्थित रहे।

जन सहयोग से इस कार्य के शीघ्र पूर्ण होने की आशा व्यक्त की गई, ताकि नागरिकों को शीघ्र सुविधा मिल सके।

### छाछ, सकोरा एवं पक्षियों के लिए दाना वितरित किया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ पंजाबी सनातन महिला मंडल द्वारा मजदूर दिवस पर तेलीबांधा चौक मरीन ड्राइव के पास छाछ का वितरण किया गया तथा भीषण गर्मी के मद्देनजर उपस्थित लोगों को पक्षियों के लिए दाना और सकोरा का वितरण किया गया. इस अवसर पर महिला मंडल की अध्यक्ष रेनू गुप्ता, उपाध्यक्ष विजयलक्ष्मी बजाज, सचिव मीना बजाज, बिंदु बग्गा, भावना बग्गा, संतोष सूरी, रोमा साहनी आदि पदाधिकारी उपस्थित थे।

### वक्फ बिल की खूबियां बताने हर विधानसभा में सम्मेलन घर-घर भी जाएगी भाजपा

**रायपुर।** वक्फ संशोधन बिल को लेकर भाजपा ने प्रदेशभर में शनिवार से अभियान चलाने का फैसला किया है। इसके लिए एक दिन पहले हुई प्रदेश स्तर की कार्यशाला में प्रदेश के मंत्रियों, विधायकों और सांसदों को जिम्मा दिया गया है। हर विधानसभा के साथ ही जिलों में सम्मेलन होंगे। इसमें मुस्लिम समाज के हर वर्ग के लोगों को आमंत्रित करके उनको वक्फ बिल की खूबियों के बारे में बताया जाएगा। भाजपा के कार्यकर्ता मुस्लिम समाज के घर-घर भी जाकर बात करेंगे। वक्फ बिल को लेकर भाजपा के राष्ट्रीय संगठन ने तय किया है कि इसको लेकर मुस्लिम समाज को पूरी जानकारी दी जाएगी। इसके लिए हर राज्य में कार्यक्रम तय किए गए हैं। कार्यक्रमों से पहले कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रदेश में एक दिन पहले कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में आयोजित कार्यशाला में प्रदेश के सभी मंत्रियों, विधायक, सांसदों के साथ जन प्रतिनिधियों को बुलाकर जिम्मेदारी तय की गई है और उनको बताया गया कि क्या करना है।

## पेज 11 के शेष

### सुशासन तिहार में...

**मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद जनता से करेंगे सीधा संवादः** कलेक्टर सोनी ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण स्वयं शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें योजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्य योजना पर चर्चा की जाएगी। कलेक्टर ने जनता से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में समाधान शिविरों में भाग लें और शासन की योजनाओं का लाभ उठाएं।

### लूट का फरार ...

बीएनएस और 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए 12 घंटे के भीतर एक आरोपी भुनेश्वर उर्फ गब्बर वर्मा को गिरफ्तार कर लिया था, जबकि दूसरा आरोपी फरार था।

### सुशासन तिहार का ...

थोथा, हथबंध, केशली, खिलोरा, नेवधा, संकरी, सितापार, उड़ेला, करेली और पौंसरी के निवासी शामिल होंगे। विकासखंड पलारी अंतर्गत ग्राम पंचायत कुसमी शिविर में ग्राम पंचायत बालोदी कौड़िया, कुकदा, कुसमी, तिपावन, घोटिया, पठारीडीह, लकडिया, नवागांव और जंगलोर के निवासी शामिल होंगे। विकासखंड कसडोल अंतर्गत ग्राम पंचायत सर्वा शिविर में ग्राम पंचायत बैजनाथ, छेछर, झबड़ी, कटगी, खैरा, मडकड़ा, मलदा, साबर,सर्वा, सेल और भदरा के निवासी शामिल होंगे। समाधान शिविर में सभी विभाग के विकासखंड स्तर के अधिकारी मौजूद रहेंगे जो आवेदन के निराकरण सहित योजनाओं की जानकारी देंगे। इसके साथ ही विभिन्न योजना अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किया जाएगा। समाधान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर शासन के सुशासन अभियान में सहभागी बनने की अपील की गई है।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### निःशुल्क कम्प्यूटर शिक्षा के लिए पार्षद ने की पहल

**भटगांव।** शिक्षा जीवन का सार है वर्तमान में तकनीकी शिक्षा पर विशेष ध्यान दें रहें हैं। इसी तारतम्य में बच्चों के तकनीकी शिक्षा की महत्ता को समझते हुए भटगांव नपं के पूर्व उपाध्यक्ष व पार्षद प्रवेश दुबे ने अनोखी पहल प्रारंभ की। बच्चे गर्मी छुट्टी के दिनों में इधर–उधर घुमकर समय व्यतीत करते हैं और शिक्षा से 2 माह के लिए पूरी तरह से वंचित हो जाते हैं। जिसे देखते प्रवेश दुबे ने निः शुल्क 2 माह तक कंप्यूटर शिक्षा देने के लिए प्रेरित किया। इससे बच्चों में उत्साह दिखने लगा है।

### प्रयास विद्यालय दुर्ग के कक्षा 9वीं में तेजश्वनी ठाकुर रहे द्वितीय

**नर्रा।** शासकीय प्रयास आवासीय विद्यालय दुर्ग के छात्रा तेजश्वनी पिता स्व. ताहरसिंह ठाकुर ( राजस्व निरीक्षक) ने कक्षा 9वीं में 98.33 प्रतिशत अंक अर्जित कर द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। वे मम्मी पापा और समाज का नाम रोशन किया है। इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ राजस्व निरीक्षक संघ, अखिल भारतीय गोंड समाज 18 गढ़, एजीएस, अजजा शासकीय सेवक संघ और सर्व आदिवासी समाज ने हर्ष जताया है।

### भगवान परशुराम की 11 सौ दीपों से होगी महाआरती

**रायपुर।** वर्ल्ड ब्राह्मण फेडरेशन एवं सर्व युवा ब्राह्मण परिषद की आवश्यक बैठक 3 मई को संध्या 5.30 बजे से वृंदावन हॉल सिविल लाइंस कालीमाता मंदिर के पीछे रखी गई है। बैठक में अरविंद ओझा प्रांतीय अध्यक्ष एवं नितिन कुमार झा कार्यक्रम संयोजक मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगे। संभागीय सचिव सतीश शर्मा ने विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि बैठक में 19 मई सोमवार की संध्या श्री दूधाधारी सत्संग भवन मठपारा में भगवान परशुराम के जन्मोत्सव के अवसर पर 11 सौ दीपों से महाआरती, भजन संध्या, विप्रजनों का सम्मान, भोजन प्रसादी की तैयारी के विषय में चर्चा की जाएगी। बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज के प्रमुखजन उपस्थित रहेंगे।

### पंकज नायक बने पेंशनर्स एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष

**रायपुर।** राज्य शासन के पेंशनरों की समस्याओं के समाधान के लिए छत्तीसगढ़ अधिकारी-कर्मचारी पेंशनर्स एसोसिएशन का पंजीयन कर शुक्रवार को कर्मचारी भवन में



कार्यकारिणी का गठन किया गया। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष पीआर यादव ने प्रदेश कार्यकारिणी एवं जिलाध्यक्षों की घोषणा की,वहीं जिला शाखा अध्यक्ष रायपुर पंकज नायक सेवानिवृत्त सहायक आयुक्त को बनाया गया। जिसमें प्रदेश उपाध्यक्ष आरपी सिंह, जगत नारायण मिश्रा, एके भार्गव, ललित पांडे, राजेंद्र चंद्राकर, वीके थवानी, एमपी आड़े, महामंत्री उमेश मुदलियार, सह महामंत्री राजेंद्र गुप्ता, संयुक्त सचिव सीएल दुबे, राजेंद्र पांडे, कोषाध्यक्ष सुहास चिपड़े, कार्यकारिणी सदस्य एसपी करोशिया, केएल अग्रवाल, राजीव कस्तूरे, दिलीप चतुर्वेदी, मधु सूद, सी. एक्का, अभिनव सिंह को बनाया गया है।

## निधन

### राजकिशोर शुक्ला

**पलारी।** पलारी के ग्राम घोटीया



निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक राजकिशोर शुक्ला 82 का शुक्रवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्ति धाम किया गया उनके ग्रामीण सहित पत्रकार गण बड़ी संख्या में शामिल हुए। वे प्रेमा देवी शुक्ला के पति, गीता मिश्रा, सविता मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, मिथलेश शुक्ला के पिता, प्रतिक शुक्ला सुनैना, प्रेरणा शुक्ला, स्वकाश शुक्ला के दादा, अजय, अभय, महीमा, प्रतिभा के नाना थे।

# विश्व हास्य दिवसः तनाव और रोगों से मुक्ति के लिए हंसना जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भरूवाडीह-गुमा


विश्व हास्य दिवस हर साल मई माह के पहले रविवार को वर्ल्ड लाफ्टर डे के रूप में मनाया जाता है। हास्य आसन एक्सपर्ट योग प्रशिक्षक व प्राकृतिक चिकित्सक योग शिक्षक प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक कुमार वर्मा ने कहा हंसी जीवन का प्रभात है, यह शीतकाल की मधुर धूप है, तो ग्रीष्म की तपती दुपहरी में सघन छाया। हंसने से आत्मा खिल उठती है। इससे आप तो आनंद पाते ही हैं दूसरों को भी आनंदित करते हैं। हास–परिहास पीड़ा का दुश्मन है, निराशा और चिंता का अचूक इलाज और दुःखों के लिए रामबाण औषधि है।

## योग प्रशिक्षक दीपक कुमार ने स्वस्थ शरीर के लिए हंसने के गिनाये फायदे



### चिंता से मुक्ति पाना है तो ठहाके लगाए

मनोवैज्ञानिक प्रयोगों से यह स्पष्ट हुआ है कि अधिक हंसने वाले बच्चे अधिक बुद्धिमान होते हैं। हंसना सभी के शारीरिक व मानसिक विकास में अत्यंत सहायक है। जापान देश के लोग अपने बच्चों को प्रारंभ से ही हंसते रहने की शिक्षा देते हैं। दुनिया में सुख एवं दुःख दोनों ही धूप–छांव की भांति आते–जाते हैं। यदि मनुष्य दोनों परिस्थितियों में हंसमुख रहे तो उसका मन सदैव काबू में रहता है व वह चिंता से बचा रह सकता है। आज के इस तनावपूर्ण वातावरण में व्यक्ति अपनी मुस्कुराहट व हंसी को भूलता जा रहा है। फलस्वरूप तनावजन्य बीमारियां जैसे–उच्च रक्तचाप, शुगर, माइग्रेन, हिस्टीरिया, पागलपन, डिप्रेशन आदि बहुत–सी बीमारियों को निमंत्रण दे रहा है। इससे छुटकारा पाने के लिए हास्य थैरेपी कीजिए, कामेडी, देखिए और एक, दो, तीन, चार, दिन में हंसों बार बार नारे लगाकर हास्यासन करें।




### हंसने से शरीर में होता है, आक्सीजन का संचार

आयुर्वेद ग्राम रावन के योग प्रशिक्षक वर्मा ने इसके लाभ बताते हुए कहा शरीर में पेट और छाती के बीच में एक डायफ्राम होता है, जो हंसते समय धुकधुकी का कार्य करता है। फलस्वरूप पेट, फेफड़े और यकृत की मालिश हो जाती है। हंसने से ऑक्सीजन का संचार अधिक होता है व दूषित वायु बाहर निकलती है। नियमित रूप से खुलकर हंसना शरीर के सभी अवयवों को ताकतवर और पुष्ट करता है और शरीर में रक्त संचार की गति बढ़ जाती है तथा पाचन तंत्र अधिक कुशलता से कार्य करता है। जोर से कहकहे लगाने से पूरे शरीर में प्रत्येक अंग को गति मिलती है, फलस्वरूप शरीर में मौजूद एंडोक्राइन ग्रंथि (हारमोन दाता प्रणाली) सुचारु रूप से चलने लगती है, जो कि कई रोगों से छुटकारा दिलाने में सहायक है।

## बैठक में पालिका अधिकारी और अभियंता ने पार्षदों से कई मुद्दों पर की चर्चा

# रणनीति बनाकर करेंगे नगर में विकास कार्य : नपा उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत अन्तर्गत 15 वार्डों में शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं के तहत आमजनों की सुविधाओं के मद्देनजर गुरुवार को नगर विकास को लेकर नपा उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप मानिकपुरी के नेतृत्व में बैठक हुई। इस दौरान नगर पंचायत उपाध्यक्ष मानिकपुरी ने कई एजेंडों पर चर्चा की, जिस पर सम्पूर्ण जानकारी नगर पालिका अधिकारी मनीष वारे और अभियंता जीतेंद्र कुमार जांगड़े द्वारा मौजूद पार्षदों को दी गई। इस दौरान नगर के विभिन्न वार्डों में निर्माणाधीन महतारी घाट, डॉम सेट, बैडमिंटन कोर्ट, नाली निर्माण सहित नगर के वार्डों में मुख्य चौड़ी गलियों का डामरीकरण तथा नगर के सभी वार्डों में वर्षों से लंबित आंगनबाड़ी केंद्रों के स्थान आरक्षित कर निर्माण कार्य, नगर में बाजार एवं चौपाटी हेतु स्थान आरक्षित करने जैसे अन्य विकास परख निर्माण कार्यों पर चर्चा हुई। इस पर सभी पार्षदों ने बारीकी से प्रशासनिक एवं तकनीकी जानकारी को अधिकारियों से चर्चा कर प्राप्त किया। साथ ही सरकार द्वारा 50 प्रतिशत जारी पार्षद निधि द्वारा वार्ड में विकास कार्य सहित आवश्यक सामग्री क्रय करने की जानकारी नपा अधिकारियों द्वारा जनप्रतिनिधियों को दी गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों ने नगर विकास को लेकर रणनीति बनाकर विकास करने की बात कही।

इसके अलावा आगामी माह में वार्डों का सर्वेक्षण कराकर जरूरी कार्य योजनाओं को बनाकर कार्रवाई की जायेगी।

साथ ही स्वीकृत नाली निर्माण को जल्द प्रारंभ कराने की बात कही गई। इसके अलावा नगर की साफ-सफाई पर जोर देते हुए वार्ड नं 2 में मणिकंचन केंद्र सेकंड के निर्माण पर सहमति दी गई। इस दौरान पार्षद प्रतिनिधि विनोद बंजारे, जानु यादव सहित नपा कर्मी सुनील शर्मा मौजूद थे।



### साफ-सफाई और लाइट की समस्याओं पर मॉनिटरिंग जारी

नपा उपाध्यक्ष डॉ. सुदीप नवदीप मानिकपुरी ने मीडिया से चर्चा में कहा कि केंद्र से लेकर राज्य और नगर में ट्रिपल इंजन की भाजपा सरकार है, आमजनों की समस्या का समाधान करना जनप्रतिनिधियों की पहली प्राथमिकता है। इसके अलावा पार्षद पुनेश्वरनाथ मिश्र, भानु प्रताप साहू, सुदंर साहू, नीरज साहू, भगवती साहू, संतोष भारती ने कहा कि नगर का रॉड मैप तैयार किया जा रहा है, लगातार नगर के वार्डों में चल रहे विकास कार्य के साथ नगर की साफ-सफाई और लाइट की समस्याओं पर मॉनिटरिंग की जा रही है। किसी तरह की लापरवाही पर आमजन सीधे जनप्रतिनिधियों सहित नपा अधिकारी को शिकायत कर सकते हैं, जिस पर त्वरित समाधान किया जायेगा।

# सहायक शिक्षकों की भर्ती के लिए सरकार काउंसिलिंग शीघ्र करें



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

डीएड, डीएलएड अभ्यर्थी संघ के लोगों ने विधायक संदीप साहू से मुलाकात कर सहायक शिक्षक पद के काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू करवाने मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की मांग की।डीएड, डीएलएड अभ्यर्थी संघ के कमल प्रसाद, ओमकार दास, आनंद कैवर्त्य, भुनेश्वर कर्ष एवं रमा मानिकपुरी सहित अभ्यर्थियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश अनुसार शिक्षक भर्ती 2023 के सहायक शिक्षक पद की पंचम चरण की काउंसिल व नियुक्ति प्रक्रिया 2621 पदों पर संपन्न कराई गई है। उक्त प्रक्रिया को 2 जुलाई 2023 के कॉमन मैरिट सूची के क्रमानुसार संपन्न करायी गई थी, जिस कारण 49.9 प्रतिशत अभ्यार्थी अर्थात 1299 अभ्यार्थी ही पात्र हुए तथा 50.5 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थियों के अपात्र होने से लगभग 1316 पद रिक्त रह गया है। इन पदों पर डीएड अभ्यर्थियों की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू करने वैधता अवधि 1 जुलाई तक के लिए बढ़ाई गई है, लेकिन यदि इन रिक्त पदों की समय पर काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू नहीं की जाती है, तो पुनः वैधता अवधि समाप्त होने संबंधी समस्या खड़ी हो जाएगी। उक्त अभ्यर्थियों ने बताया कि चूंकि वर्तमान में शिक्षकों की अति आवश्यकता है, जिसके कारण शीघ्र 2621 पदों के शेष 50.5 प्रतिशत अर्थात 1316 रिक्त पदों पर 6 वें चरण की काउंसिलिंग प्रक्रिया शुरू कराने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को पत्र लिखने विधायक संदीप साहू से मुलाकात कर मांग की गई है।

- डीएड, डीएलएड अभ्यर्थी संघ ने विधायक संदीप साहू से मुलाकात कर मुख्यमंत्री को पत्र लिखने की मांग

# सनातन संस्कृति की आत्मा है रामायण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पलारी

दतान के रनबौर चौक में चल रहे पंच दिवसीय रामायण पाठ के विशेष अवसर पर प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष, युवा प्रकोष्ठ, धन्नू साहू का आगमन हुआ। आयोजन समिति द्वारा उनका स्वागत किया गया। श्रीफल एवं मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। सभा में धन्नू साहू ने कहा हमारी सनातन संस्कृति की आत्मा रामायण जैसे ग्रंथों में बसती है। यह ग्रंथ केवल धार्मिक कथा नहीं, बल्कि जीवन के प्रत्येक पहलू में मार्गदर्शन देने वाला अमूल्य ग्रंथ है। मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का चरित्र आज के युवा वर्ग के लिए आदर्श है। उनके जीवन से हमें सत्य, सेवा, समर्पण, त्याग और धर्म के प्रति अडिग रहने की प्रेरणा मिलती है। मैं आयोजन समिति को धन्यवाद देता हूं कि वे ऐसे आयोजनों के माध्यम से हमारे संस्कारों और परंपराओं को जीवित रख रहे हैं। समाज को एकजुट करने, युवा शक्ति को दिशा देने और सांस्कृतिक चेतना को बनाए रखने में रामायण जैसे कार्यक्रमों की महत्त्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा, हमारा प्रयास है कि गांव–गांव, गली–गली में इस तरह के सांस्कृतिक एवं धार्मिक आयोजनों को प्रोत्साहन मिले। जब युवा अपने मूल और संस्कृति से जुड़ते हैं, तभी राष्ट्र सशक्त होता है। उन्होंने कहा एकजुट होकर समाज में सकारात्मक सोच फैलाएं और युवाओं को अच्छे मार्ग पर प्रेरित करें। कार्यक्रम में जनपद सदस्य जामवंती साहू, अध्यक्ष रामलाल साहू, नेतराम साहू, मीडिया प्रभारी केशव साहू, हेमंत साहू, नीलकमल साहू, पनमेश्वर साहू, डॉ. केजू राम साहू, जगदीश साहू, पुरन साहू, महेश बार्ले, बिसाहू राम साहू, हेमंत साहू, घनश्याम साहू, रामसिंह साहू, किसन साहू, भागी धुव, संतोष, रामकुमार साहू, ओमप्रकाश साहू, ईश्वर साहू, लाकेश सेन, गोवर्धन, मोलेश साहू, रामनाथ वर्मा, डायमंड साहू, राजेश यादव, राधे फेकर सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही।

- दतान के पांच दिवसीय रामायण में शामिल हुईं धन्नू साहू



### नागरिकों की मांग पर भटगांव को मिला एसडीएम लिंक कोर्ट



**भटगांव।** सुशासन तिहार में नागरिकों की मांग पर कलेक्टर ने भटगांव में एसडीएम का लिंक कोर्ट संचालन व्यवस्था प्रदान की है। जिले में राजस्व प्रशासन को सुदृढ़ करने, आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने तथा राजस्व एवं दाण्डिक प्रकरण के साथ–साथ समस्त न्यायालीन प्रकरण जो तहसील सरसीवां एवं भटगांव से संबंधित है, के सुचारू रूप से संचालन हेतु कलेक्टर द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) बिलाईगढ़ का प्रत्येक गुरुवार को तहसील कार्यालय भटगांव में लिंक कोर्ट संचालन के लिए अस्थाई रूप से आगामी आदेश पर्यन्त तक आदेशित किया गया है। इस लिंक कोर्ट के माध्यम से राजस्व मामलों की सुनवाई एवं निस्तारण हेतु राजस्व एवं दाण्डिक प्रकरण के साथ–साथ समस्त न्यायालयीन प्रकरणों आयोजित की जाएगी तथा आवश्यकतानुसार समीक्षा उपरांत संशोधित की जा सकेगी।

# पीएमश्री स्कूल का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

नगर पंचायत में संचालित पीएमश्री गुरु घासीदास शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का वार्षिक परीक्षा परिणाम जारी किया गया, जहां परिणाम उत्कृष्ट रहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शाला विकास समिति के अध्यक्ष गणेश शंकर साहू, सदस्य अभिजीत श्रीवास, पालकगण और कसडोल के प्रमुख गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए। शाला विकास समिति के अध्यक्ष ने कहा कि आज आपके मेहनत का फल मिल रहा है।

इसी तरह से आप सभी खूब पढ़ाई करें और अपने माता पिता और स्कूल का नाम रौशन करें। आप जितनी शिक्षा में समय देंगे उतना ही आपका भविष्य उज्वल होगा। विदित हो कि पीएमश्री स्कूल में कक्षा पहली से लेकर ग्यारहवीं तक के कक्षा का परिणाम घोषित किया गया। साथ ही कक्षा पांचवी और आठवी बोर्ड परीक्षा परिणाम बच्चों को दिखाया गया।

इस बार भी पीएम पीएमश्री स्कूल का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा है। कक्षा पहली में प्रथम स्थान आरोही किशोर 98.8 प्रतिशत, द्वितीय शालिनी कश्यप 98, तृतीय स्थान खुशांश साहू 96, कक्षा दूसरी में प्रथम युतिका पैकरा 98.85, द्वितीय धनश्री शुक्ला 97.14, तृतीय ख़ेमन केवट 99.95, कक्षा तीसरी में प्रथम सुनिधि निषाद 96.42, द्वितीय धृति साहू 90.57, तृतीय केशवी पटेल 90.42, कक्षा चौथी में प्रथम पूर्वेश साहू 98.71, द्वितीय पीहुल पैकरा 98.42, तृतीय फ़ियांशी यादव 92.14, कक्षा छठवीं में प्रथम हर्ष कुमार यादव 99.14, द्वितीय रुद्राकांत साहू 96.57, तृतीय अभिषेक साहू 85.33, कक्षा सातवीं अ में त्रिवेणी साहू 95.3, द्वितीय वोशी चंद्राकर 94.3, तृतीय हंसिका साहू 91.2, कक्षा सातवीं ब में प्रथम लिसा साहू 96, द्वितीय विभा खांडेकर 95.42, तृतीय निधिराज पटेल 92.57, कक्षा नवमी अ में प्रथम माधवी पटेल 95, द्वितीय आशी साहू 92, तृतीय आंचल केवट 90.1, कक्षा नवमी ब में भूमि साहू 92.66, द्वितीय शौर्य साहू 89, तृतीय दीप्ति निषाद 88.6, कक्षा ग्यारहवीं गणित में प्रथम निधि साहू 92.2, द्वितीय लक्ष्य देवांगन 84.2, तृतीय रिशांत साहू 83, ग्यारहवीं विज्ञान में प्रथम योगेश कुमार साहू 93.4, द्वितीय निधी साहू 85.8, तृतीय छाया साहू 81.6 प्रतिशत रही हैं।

इसी प्रकार हिंदी माध्यम में कक्षा नवमी प्रथम सूरज साहू 93.33 प्रतिशत, द्वितीय धानी कुर्रे 89.5, तृतीय किशोर 88, कक्षा ग्यारहवीं प्रथम गणेश पटेल 90.2, कला,द्वितीय देवचरण पटेल कला, 78.4, तृतीय नीलेश 72.4 कला।

## छात्र और पालकगणों की उपस्थिति में जारी किया गया परिणाम






### नये सत्र में प्रवेश के लिए आवेदन कल तक

प्राचार्य संतोष कुमार वर्मा ने कहा कि हमारा विद्यालय अब केंद्र सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की योजना पीएमश्री स्कूल के रूप में चयनित हो चुका है आने वाले समय में बच्चों को और भी सभी प्रकार की बेहतर सुविधाएं मिलेंगे और हर प्रकार से डीजिटल शिक्षा, डीजिटल लैब, कंप्यूटर, लाइब्रेरी, स्मार्ट क्लासेस सुचारू रूप बच्चों को मिलेंगी। साथ ही नए सत्र में भर्ती हेतु ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया चल रही है, जिसमें आवेदन भरने की अंतिम तिथि 5 मई निर्धारित की गई है। इसमें कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक अंग्रेजी/हिंदी माध्यम में निःशुल्क भर्ती हेतु आवेदन कर सकते हैं और जिसकी चयन प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से भी की जाएगी। अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी विद्यालय समय में आकर जानकारी ले सकते हैं।

## संयंत्र की टाउनशिप में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोख्ता गड्ढा निर्माण की समीक्षा

# सीमेंट संयंत्रों के जल स्रोतों पर होगी जिओ टैगिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर ने सीमेंट संयंत्रों के यूनिट हेड़ की बैठक लेकर जल संचयन कार्यों की समीक्षा की। मोर गांव, मोर पानी महाभियान के तहत कलेक्टर दीपक सोनी ने संपर्क केंद्र में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिले में स्थित सीमेंट संयंत्र की टाउनशिप में रेन वाटर हार्वेस्टिंग और सोख्ता गड्ढा निर्माण की समीक्षा की।

उन्होंने सीमेंट संयंत्रों के प्रभावित पंचायतों में पेयजल और निस्तारी हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी सीमेंट संयंत्र के जल स्त्रोतों की जिओ टैगिंग कराने के निर्देश दिए। संयंत्र को निर्देशित किया कि अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) की अध्यक्षता में गठित जल उपयोगिता समिति के निर्देशानुसार कार्य सम्पादित करें। बैठक में उपस्थित सीमेंट संयंत्र के यूनिट हेड़ को जानकारी दी कि टैंकरों के माध्यम से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। साथ ही सीमेंट प्रबंधन द्वारा संयंत्र के माइनिंग पिट में उपलब्ध पानी द्वारा सबंधित पंचायतों के तालाबों में कार्य किया जा रहा है, ताकि ग्रामीणों को निस्तारी हेतु पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध हो सके।

इसके अलावा पर्याप्त जल उपलब्धता वाले नहरों में पाइप लाइन लगाकर ग्रामीणों को जल प्रदाय किया जा रहा है।

कलेक्टर सोनी ने इन कार्यों की सराहना की। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सुश्री दिव्या अग्रवाल, सभी एसडीएम, खनिज, उद्योग एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारियों सहित जिले के सभी 8 सीमेंट संयंत्र के यूनिट हेड़ शामिल हुए।



